Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जिला जैसलेमेर में पदस्थापित तहसीलदार भणियाणा श्रीमती सुमित्रा चौधरी को स्वंय तथा श्री शिवप्रसाद शर्मा तहसीलदार फतेहगढ़ के लिए 15 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 17 फरवरी सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट–द्वितीय जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए जिला जैसलमेर तहसील भणियाणा में पदस्थापित तहसीलदार श्रीमती सुमित्रा चौधरी स्वंय तथा तहसीलदार, फतेहगढ़ के लिए **15 लाख रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि स्पेशल यूनिट–द्वितीय एसीबी जयपुर कों एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी के द्वारा तहसील क्षेत्र फतेहगढ़ जिला जैसलमेर में खरीदी गई जमीन की एक रजिस्ट्री करवाने, नामान्तरण दर्ज करवाने एवं पैमाईस करवाने एवं तहसील भणियाणा में परिवादी द्वारा खरीदी जाने वाली जमीन की रजिस्ट्री करवाने, नामान्तण दर्ज करवाने एवं पैमाईस करवाने के लिए **60 लाख रूपये** की मांग कर श्रीमती सुमित्रा चौधरी तहसीलदार भणियाणा एवं श्री शिवप्रसाद शर्मा तहसील फतेहगढ़ जिला जैसलमेर एवं अन्य द्वारा परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर **के उप महानिरीक्षक पुलिस–चतुर्थ श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में ए.सी.बी. जयपुर स्पेशल यूनिट–द्वितीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़** के नेतृत्व में आरोपिया श्रीमती सुमित्रा चौधरी तहसीलदार भणियाणा एवं श्री शिवप्रसाद तहसीलदार तहसील फतेहगढ़ जिला जैसलमेर को **15 लाख रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यवाही में जयपुर टीम की सूचना पर एसीबी जोधपुर **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़** ने मय टीम फतेहगढ़ तहसील कार्यालय से तहसीलदार को डिटेन कर जयपुर एसीबी टीम को सुपुर्द किया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।